दैनिक भास्कर 9 मार्च 2020

होली के दिन दोपहर दो बजे से चलेगी ग्रेटर नोएडा मेट्रो



भास्कर न्यूज

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो रेल नेटवर्क पर सेवाएं होली के दिन मंगलवार को दोपहर दो बजे के बाद उपलब्ध होंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने एक बयान में कहा कि सभी मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग के लिए भी यह समय लागू होगा। गौतम बुद्ध नगर जिले को कवर करने वाली एक्वा लाइन पर 21 मेट्रो स्टेशन हैं, जिसकी कुल लंबाई 29.7 किलोमीटर है। बयान के अनुसार, ''मेट्रो ट्रेन सेवाएं 10 मार्च को एक्वा लाइन पर दोपहर दो बजे शुरू होंगी और उसके बाद सामान्य समय के अनुसार चलती रहेंगी। ट्रेनें 15 मिनट के अंतराल पर चलेंगी।'' उसमें कहा गया, ''सभी स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा भी 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से ही उपलब्ध होगी।'